nbt.india
एकः सूते सकलम्

रीडर्स क्लब बुलेटिन

# READERS' CLUB BULLETIN

PRICE
₹15.00

Vol. 31 | No. 02 | March - April 2026



04 | From Young Writers
16 | From Authors
24 | Event Report
35 | Puzzle Palooza

शिक्षा मंत्रालय
भारत सरकार
MINISTRY OF EDUCATION
Government of India

District Administration
Srinagar

CHINAR
BOOK FESTIVAL
SKICC, Srinagar

# चिनार पुस्तक महोत्सव

## CHINAR BOOK FESTIVAL چنار اردو کتاب میلہ

**18 - 26 July 2026**
**Venue - SKICC, Srinagar**

**ATTRACTIONS**

Children's Corner | Literary Sessions | Cultural Performances

nbt.india
राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
NATIONAL BOOK TRUST, INDIA
Ministry of Education, Government of India

राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद
قومی کونسل برائے فروغ اردو زبان
National Council For Promotion Of Urdu Language

Digital Reading Partner
Rashtriya e-Pustakalaya
Department of School Education & Literacy

National Centre for Children's Literature

Follow us on

@nbt_india | @nbtindia | YouTube NBT INDIA | www.nbtindia.gov.in

**Editor** : Kanchan Wanchoo Sharma
संपादक: कंचन वांचू शर्मा

**Assistant Director (Prod.)**: Narender Kumar
सहायक निदेशक (उत्पादन): नरेन्द्र कुमार

**Editorial Associates**: Deepa, Rupali, Tanuja & Simran Kalsi
संपादकीय सहायक: दीपा, रुपाली, तनुजा व सिमरन कलसी

**Printed and Published by:**
Anuj Kumar Bharti on behalf of National Book Trust, India and printed at Salasar Imaging Systems, A-97, Sector-58, Noida-201301, Uttar Pradesh, and published at National Book Trust, India, Nehru Bhawan, 5 Institutional Area, Phase - II, Vasant Kunj, New Delhi -110 070.

**Typeset and Design by**: Hari Om

**Illustration by**: Mansi

Per copy (एक प्रति) : **₹ 15.00**
Annual subscription (वार्षिक ग्राहकी) : **₹ 50.00**
कृपया भुगतान **नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया** के नाम भेजें।
यह बुलेटिन राष्ट्रीय बाल साहित्य केंद्र से जुड़े पाठक मंचों को नि:शुल्क वितरित की जाती है।
*Please send your subscription in favour of **National Book Trust, India**.*
*This Bulletin is meant for free distribution to Readers' Clubs Associated with National Centre for Children's Literature.*

**राष्ट्रीय बाल साहित्य केंद्र**
राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत
5 इंस्टीट्यूशनल एरिया, फेस -II,
वसंत कुंज, नई दिल्ली - 110 070

**National Centre for Children's Literature**
National Book Trust, India
5 Institutional Area, Phase - II,
Vasant Kunj, New Delhi-110 070

E-MAIL (ई-मेल) : **nbtindianccl93@gmail.com**



# From the Editor's Desk

*Dear Readers,*

Fresh stories and a dash of curiosity–welcome to the latest edition of the **Readers' Club Bulletin**! As the vibrant colours of Holi fill the air, we are delighted to bring the joy of discovery. In this issue, our young contributors take us on a journey through different facets of their lives. Explore the warmth of Home, the stress during Exams, and a chilly trip to Shimla, alongside a heartwarming tale of two sisters. Our storytelling takes a unique turn with contemporary perspectives–from experiencing the legend of Prahlad through a fresh lens, to letting a clever Monkey guide you through the importance of Traffic Rules. Finally with event reports we travel from the energetic literary atmosphere of Sambalpur to the shores of Goa and Andaman. Every page of this bulletin is an invitation to learn and dream, celebrating the growing community of readers nationwide. Dive in, and let these stories inspire your own creative journey!

Happy Reading!

VOLUME **31** | ISSUE **2** | MARCH-APRIL 2026

# CONTENTS सूची

From Young Writers
- Home ........ 4
- When My Brain Took a Day Off ! ........ 5
- भारतीय भाषा दिवस ........ 6
- The Answer Sheet ........ 8
- शिमला की यात्रा ........ 10
- बड़ी बहन-छोटी बहन ........ 12
- Money Matters, So Do We ........ 14

Little Bravehearts: Shravan Singh ........ 15

From Authors
- जीवनदायी जल ........ 16
- ड्राइवर गोलू बंदर ........ 17
- प्रह्लाद की पाठशाला: पृथ्वी गोल है! ........ 18
- सोनू और जादुई बीज ........ 20
- रंग-बिरंगी होली आई ........ 21
- An Unlikely Friendship ........ 22

Event Reports
- Sambalpur Book Fair 2026 ........ 24
- Goa Book Festival 2026 ........ 26
- Andaman Nicobar Book Fair 2026 ........ 28

Book Excerpt ........ 30
Know Your State ........ 32
Puzzle Palooza ........ 35

# Home

One day alone on a wooden chair,
I pondered something in despair,
What about those without a place?
No one to care, nor any warm embrace.

I am blessed to have a shelter, a true home,
Staying warm beneath my flat's cozy dome.
Plenty to share, play and care,
Carrying this joy everywhere.

I recall my home wherever I roam,
Seeking things that make me feel at home.
Familiar feelings, happiness and views,
Yet none satisfy my thirst for homely hues!

In kitchen, bedroom and living room so dear,
Free from shallowness and far from fear.
I thank God for my sweet home,
The treasure I cherish most, my own!




**Sara Mittal**
Class - 7
MRG School, Rohini
anil_mittalca@yahoo.co.in



# When My Brain Took a Day Off !





I walk to the hall feeling big and bright,
With two blue pens held extra tight.
My brain slips away without a fight,
And says, "Good luck!" then says, "Good night."






The paper says, "This part is easy,"
My mind says, "Time to be queasy."
I read it once, then twice, and thrice,
I still don't know which option is right!

The clock goes slow like sleepy snails,
My mind tells jokes and random tales.
The smart kid writes like he won't stop,
While I'm still decoding the question at the top.

I take a breath and hold my pen,
I recall the "where" and "why" and "when."
I share my world in every line,
And let my own true story shine.





The bell goes ring! I start to grin,
I hand the paper in, finally feeling free within.
I walk out proud, head held high,
I tried my best and that'll do, goodbye!

**Diya Rajan**
Class - 12
Bal Bharti Public School, Noida
abha.bhardwaj@nd.balbharati.org






# भारतीय भाषा दिवस: भाषाई एकता और सांस्कृतिक चेतना का उत्सव

भारत भाषाओं का देश है। यहाँ भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति, इतिहास, परंपरा और राष्ट्रीय चेतना की वाहक है। भारत सरकार द्वारा 11 दिसंबर को प्रतिवर्ष भारतीय भाषा दिवस मनाने की घोषणा इसी व्यापक दृष्टि को दर्शाती है। यह दिन प्रसिद्ध तमिल कवि, महान राष्ट्रवादी विचारक और स्वतंत्रता सेनानी महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती के रूप में मनाया जाता है।

महाकवि सुब्रमण्यम भारती तमिल साहित्य के ऐसे स्तंभ थे, जिन्होंने अपनी कविताओं के माध्यम से स्वतंत्रता, समानता, नारी सशक्तिकरण और राष्ट्रीय चेतना का संदेश दिया। उनकी जयंती को भारतीय भाषा दिवस के रूप में मनाना इस बात का प्रतीक है कि भारत अपनी भाषाई जड़ों को सशक्त बनाकर भविष्य की ओर बढ़ना चाहता है।

भारतीय भाषा दिवस मनाने का प्रमुख लक्ष्य भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देना और लोगों में अपनी मातृभाषा के प्रति गर्व की भावना जाग्रत करना है। वैश्वीकरण के दौर में अंग्रेजी का प्रभाव बढ़ा है, परन्तु यह दिवस हमें याद



दिलाता है कि आधुनिकता के साथ-साथ अपनी भाषाई पहचान और भाषाई सद्भाव को बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है।

भारतीय संविधान ने 22 भाषाओं को अनुसूचित भाषाओं के रूप में मान्यता दी है। इनके अलावा सैकड़ों बोलियाँ देश के विभिन्न क्षेत्रों में बोली जाती हैं। ये सभी भाषाएँ भारत की सांस्कृतिक धरोहर हैं, जिनके माध्यम से ही लोक कथाएँ, गीत, साहित्य और परंपराएँ पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती हैं।

मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने से बच्चों की समझ विकसित होती है और उनकी रचनात्मक क्षमता बढ़ती है। शोध बताते हैं कि प्रारंभिक शिक्षा यदि मातृभाषा में हो, तो विद्यार्थी विषयों को अधिक गहराई से समझ पाते हैं। इस दृष्टि से भारतीय भाषा दिवस शिक्षा के क्षेत्र में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।




सभी स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में भारतीय भाषा दिवस विशेष रूप से मनाया जाता है। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित की जाती हैं।

इनमें वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ, निबंध लेखन, भाषण, प्रश्नोत्तरी, कविता पाठ और नाटक आदि शामिल होते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देश की विविध भाषाई और सांस्कृतिक झलक देखने को मिलती है। भारतीय भाषा दिवस के अंतर्गत 4 दिसंबर से 11 दिसंबर तक भारतीय भाषा उत्सव भी मनाया जाता है। इस अवधि में विभिन्न कार्यक्रमों, कार्यशालाओं और संगोष्ठियों का आयोजन किया जाता है, जिनका उद्देश्य भारतीय भाषाओं के अध्ययन, प्रयोग और संरक्षण को प्रोत्साहित करना है।

भारतीय भाषा दिवस की यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 मातृभाषा में सीखने पर विशेष बल देती है। साथ ही यह नीति भारतीय भाषाओं में उच्च गुणवत्ता की अध्ययन सामग्री, डिजिटल संसाधनों और अनुवाद कार्य को बढ़ावा देती है। इससे भारतीय भाषाएँ आधुनिक विज्ञान, तकनीक और शोध से भी जुड़ सकेंगी।

भारत की सबसे बड़ी विशेषता विविधता में एकता है। अलग-अलग भाषाएँ बोलने के बावजूद हम सब एक राष्ट्र के नागरिक हैं। जब हम एक-दूसरे की भाषा और संस्कृति को समझते हैं, तब राष्ट्रीय एकता स्थापित होती है।

भारतीय भाषा दिवस अपनी भाषाओं को पहचानने, अपनाने और आगे बढ़ाने का एक विचार है। महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती पर मनाया जाने वाला यह दिवस हमें प्रेरित करता है कि हम अपनी मातृभाषा पर गर्व करें और भारत की भाषाई विरासत को संरक्षित रखें।

***व्योमा दीपांशा त्रिपाठी***
*कक्षा* – 6
*डी.पी.एस., आर.के. पुरम*
bbs.deepshikha@gmail.com




# The Answer Sheet

No one noticed when Aarav's hands began to shake.

The examination hall was silent—too silent. Ceiling fans hummed overhead, pens scratched relentlessly against paper, and time marched forward without mercy. Aarav stared at the final question on his script, the one that felt as though it could decide his entire future.

His mind wasn't blank; it was crowded. "What if I fail again? What if everyone was right about me? What if this is where my story ends?" These questions thrashed against his focus. The words on the paper began to blur, and his chest tightened as if the air in the room had suddenly thinned. Around him, the confident scribbling of others felt like mounting evidence of his own inadequacy. A single drop of sweat fell onto the page, smudging the ink into a dark, jagged blot.




That was when he noticed something peculiar.

On the back of his answer sheet, scrawled faintly in pencil, were words that had no place in a formal exam:

"Breathe. You are more than an exam result."

Aarav's heart hammered against his ribs. Had he written it himself in a trance of stress? He couldn't remember. For a fleeting second, panic flared—what if the invigilator saw this? Would they call it malpractice?

But then, the weight of the words settled. He realised these weren't instructions or cheat codes; they were a quiet reclamation.

He closed his eyes and inhaled slowly, letting the frantic noise of the hall recede into the background. The grip of fear loosened. When he opened his eyes, he turned back to the question—no longer viewing it as a threat, but as a challenge he was equipped to meet.

When the bell finally rang, signalling the end of the exam, Aarav submitted his paper with steady hands.

Weeks later, the results were published. He had passed—not perfectly, perhaps, but honestly. Yet, he knew the real victory had occurred much earlier, in that stifling, silent moment when he chose belief over panic.

Success, he realised, truly begins the day fear stops writing one's story.

**Bushra**
Class - 12
Janki Devi Sarvodaya Kanya Vidyalaya,
Mayur Vihar, Delhi
bushes1522008@gmail.com


# शिमला की यात्रा



उन दिनों मेरे मन में बस एक ही बात घूम रही थी। शिमला! मैं इतनी खुश थी कि कई दिन पहले ही अपनी डायरी में लिस्ट बनाने लगी थी। मैंने गरम कपड़ों के साथ, पापा के ऊनी दस्ताने, मम्मी की गरम शॉल, छुटकी के छोटे-छोटे, रंग-बिरंगे मोज़े और अपना सबसे प्यारा मफलर–सब कुछ खुद ही पैक किया था। हमारा सफर दो हिस्सों में था: पहले दिल्ली से कालका, और फिर वहाँ से शिमला। जब दिल्ली स्टेशन पर ट्रेन की लंबी सीटी बजी, तो मैं खिड़की से चिपक गई। मुझे बस उस जादुई पेंटिंग का इंतजार था जो पहाड़ों में दिखने वाली थी।

कालका पहुँचते ही सब बदल गया, मौसम, हवाएँ, आसमान का रंग और यहाँ तक की पेड़ भी। हम 'टॉय ट्रेन' से जैसे ही पहाड़ों पर चढ़ने लगे, ठंडी हवा के झोंके हमारे चेहरों को छूने लगे। लगभग 102 सुरंगों से गुजरे, और हर सुरंग में जब अँधेरे के बाद अचानक रोशनी आती, तो हम सब जोर से चिल्लाते। ऊंचे-ऊंचे पुलों से नीचे देखते हुए ऐसा लगता था जैसे हम किसी जादुई नगरी में आ गए हों। आखिरकार शाम को जब हम शिमला पहुँचे, तो बिना समय बर्बाद किए सबसे पहले मॉल रोड देखने गए। वहाँ का 'रिज' बहुत बड़ा और खुला था। हमने वहाँ के पुराने चर्च के सामने फोटो खिंचवाई और आइसक्रीम खाई। हमने लकड़ी के खिलौने भी खरीदे। इतना घूमने में ही रात हो गई। रात को पहाड़ ऐसे लग रहे थे जैसे किसी ने काली चादर पर हजारों मोती सजा दिए हों। सोने का मन तो नहीं था, लेकिन थकान की वजह से नींद आ ही गई।

अगले दिन सुबह हम रोप-वे (उड़न खटोला) में बैठकर जाखू मंदिर गए। वहाँ हनुमान जी की इतनी बड़ी मूर्ति थी कि वह दूर से ही बादलों को छूती हुई दिखती थी। वहाँ से लौटकर हम कुफरी गए और वहीं कुदरत ने हम सबको चौंका दिया। अचानक आसमान




से रुई जैसे सफेद फाहे गिरने लगे। मम्मी चिल्लाई, "देखो बर्फबारी!" वह दृश्य इतना करिश्माई था मानो आसमान से चाँदी और मोती बरस रहे हों। देखते ही देखते सब कुछ–पेड़, छतें और सड़कें–सफेद मखमल से ढक गईं। हमने बर्फ के गोले बनाए और एक-दूसरे पर खूब फेंके। छुटकी ने तो मेरा मफलर बर्फ से सफेद ही कर दिया था !



सफर के आखिरी दिन हमने कुछ अलग किया। हम शाम को होटल से कुछ सामान लेकर बाहर आ गए और मशोबरा के जंगलों में अपना टेंट लगाया। होटल में कुछ और लोग भी रुके थे, वो भी हमारे साथ ही आ गए। रात को जब ठंड बढ़ी, तो मम्मी-पापा ने सूखी लकड़ियाँ इकट्ठा कर अलाव जलाया। आग की लपटों के पास बैठकर बहुत अच्छा लग रहा था। हमने तारों भरे आसमान के नीचे मिलकर खाना पकाया और गरम-गरम खिचड़ी खाई। वैसी स्वादिष्ट खिचड़ी मैंने पहले कभी नहीं खाई थी। कुछ नए दोस्त भी बनाए। एक परिवार तो केरलम से शिमला घूमने आया हुआ था। खाने के बाद हमने अंताक्षरी खेली और गाने गाए। हँसी-मज़ाक और ठहाकों के बीच वह बर्फीली रात मेरी जिंदगी की सबसे प्यारी याद बन गई।

अब मैं बस अगली छुट्टियों का इंतजार कर रही हूँ!

**शबरीन**
*कक्षा* – 11
PM SHRI GMSSS, Chandigarh
gmsssdhanas1@gmail.com





# बड़ी बहन- छोटी बहन

एक परिवार में दो बहनें थीं। बड़ी बहन शांत और गंभीर थी, तो छोटी बेहद हँसमुख और चंचल। स्वभाव अलग थे, पर लगाव की कोई सीमा न थी। साथ खेलना, साथ हँसना और छोटी-छोटी बातों पर नोक-झोंक करना उनका रोज का काम था। मगर उनका स्नेह हमेशा झगड़ों से बड़ा साबित होता।

एक दिन छोटी बहन ने बिना पूछे बड़ी का पसंदीदा काला शॉल ले लिया और उससे खेलने लगी। लापरवाही में वह शॉल फट गया। वह बुरी तरह डर गई और उसने शॉल को छिपा दिया। जब बड़ी बहन को फटा हुआ शॉल मिला, तो उसका पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। वह चिल्लाई, 'तुम्हें मेरी चीजों की कद्र ही नहीं है! मैं तुमसे कभी बात नहीं करूँगी। तुम अपने रास्ते और मैं अपने।' गुस्से में छोटी ने भी पलट कर कहा, 'ठीक है! मुझे भी तुम्हारी कोई चीज नहीं चाहिए।' बात इतनी बढ़ गई कि दोनों ने कमरे के बीचों-बीच चॉक से लकीर खींच ली। दिन बीतते गए और घर की हंसी सन्नाटे में बदल गई। दोनों इतनी जिद्दी थीं कि कोई मानने को तैयार नहीं।

एक शाम जब छोटी बहन खेलकर लौटी, तो उसने देखा कि बड़ी बहन की तबियत ठीक नहीं लग रही है। माथा देखा तो पता लगा कि बहुत तेज बुखार था। वह चुपचाप लेटी थी। माँ-पिताजी को घर आने में अभी समय था। छोटी बहन ने चादर ओढ़ाई और पड़ोस से नेहा दीदी को बुला लाई। नेहा दीदी पास के अस्पताल में डॉक्टर थीं। उन्होंने बड़ी बहन का बुखार देखा और दवाई दी। छोटी सारा गुस्सा भूलकर तुरंत पानी का गिलास लेकर आई और दवाई दी।

नेहा दीदी ने छोटी को बताया कि तेज बुखार होने पर माथे पर गीली और ठंडी पट्टी कैसे रखते हैं। छोटी ने बिना देर किए अपना रुमाल निकाला और पट्टी करने लगी। सर पर ठंडी



यह सुनकर बड़ी बहन की आँखों से आँसू छलक पड़े। उसने छोटी को गले लगा लिया और बोली, 'पगली! वह तो सिर्फ एक कपड़ा था। मैं शॉल के फटने से नहीं, तुम्हारी चुप्पी से परेशान थी। मुझे दवाई से ज्यादा तेरी उस बक-बक की जरूरत है जो पिछले कई दिनों से बंद थी।'


पट्टी करने के थोड़ी देर बाद बड़ी बहन ने धीरे से आंखें खोलीं। छोटी ने कांपते हाथों से अपनी बहन का हाथ थामा और परेशानी भरी आवाज में बोली, ''दीदी, मैं शॉल तो ठीक नहीं कर सकती, पर आपका ध्यान रख सकती हूँ। मुझसे गलती हुई, प्लीज़ मुझे माफ कर दो।''

दोनों की हँसी से घर एक बार फिर चहक उठा। कमरे की वह लकीर हमेशा के लिए मिटा दी गई थी।

**महक**
*कक्षा – 11*
*राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मंडी*
chauhan007pawan@gmail.com



# Money Matters, So Do We




I used to think money was just for spending,
Buy some snacks, and that's the ending.
But now I see the path is clear—
It's saving smart for every coming year.

My parents talk of bills and rent,
Of how each rupee must be spent.
They taught me how to plan ahead,
So I don't panic, filled with dread.

I've got a budget on my phone,
I track my cash, I'm not alone.
UPI makes it super fast,
Counting coins is now a thing of past

I learnt of banks and interest rates,
Of how investing shapes our fates
An SIP today, a goal tomorrow–
Less of debt, and less of sorrow.

Some people still don't have a way
How to save or spend and pay.
We need to help, and see them through–
Financial literacy for me and you.




**Almira Raini**
Class - 11
DPS, Amroha, Uttar Pradesh
aenishraini@gmail.com



# Little Bravehearts: Shravan Singh

In a small village called Mamdot in Punjab, there lived a kind and cheerful 10-year-old boy named Shravan Singh.

One day, something important was happening nearby. Soldiers from the Indian Army had come to the area for a special mission called Operation Sindoor. They were working hard, day and night, to keep everyone safe.

Shravan watched them with wide, curious eyes.

"They must be tired," he thought. "I should help them."

And so, every day, Shravan did something very special.

He carried water, milk, lassi, and even ice to the soldiers. Sometimes he brought them tea too. The containers were heavy, but Shravan didn't mind. He smiled as he walked, happy to help.

The soldiers were surprised and touched.

"Look at this little boy!" they said. "He has such a big heart."

Shravan's father smiled proudly.

"My son loves serving others," he said. "This makes him happy."

Day after day, Shravan kept visiting the soldiers. He talked to them; laughed with them, and made sure they felt cared for.

Soon, everyone heard about Shravan's kindness.

One day, the Army decided to honour him. They called him the



"Youngest Civil Warrior." Shravan also received a special award for his act of bravery and was treated with great love and respect.

Shravan beamed with joy. When someone asked him, "What do you want to be when you grow up?"

He replied without a second thought, "I want to become a soldier and serve my country."


And in that moment, everyone knew – Shravan was already a hero.

Write one small act of kindness you did this week.

______________________________

______________________________

______________________________



# जीवनदायी जल

आसमान से बरस रहा है
जीवनदायी जल,
नहीं रहेगी सूखी धरती
थी जैसी यह कल।

उमड़ घुमड़कर छाए बादल
भीगा है सबका आंगन,
पेड़ों के ऊपर से बूँदें
गिरती हैं छम-छम-छम-छम।

मोरों के संग झूम रहे
हम सारे मस्ती में,
छाए हुए घने बादल हैं
अपनी पूरी बस्ती में।

खुले हुए ज्यों आसमान में
एक साथ सब नल,
टिप-टिप-टिप-टिप बरस रहा है
वर्षा का यह जल।

नाव बनाए कागज की
जो पानी में तैरे,
अपनी इस मस्ती पर भैया
नहीं लगेंगे पहरे।

हमें झूमता देखें
आए हम जैसों के दल,
बहता पानी कहता हमसे
साथ हमारे चल।

*रजनीकान्त शुक्ल*
rajnikantshukla@gmail.com

# ड्राइवर गोलू बंदर



ऑटोमैटिक कार को लेकर,
सड़क पे निकला गोलू बंदर।
अब न गियर लगाना होगा,
बस हॉर्न ही बजाना होगा।

शान दिखाकर घूम गया,
ट्रैफिक सिग्नल छूट गया।
मस्ती-मस्ती के चक्कर में,
ब्रेक लगाना भूल गया।

नियमों को कर दरकिनार,
बहुत तेज कर दी रफ्तार।
तभी सामने आई गाय,
और फिर गोलू जी घबराए।




पकड़ी गई जब उसकी भूल,
याद आए फिर सड़क के रूल।
अब सबको समझाता गोलू,
"बात पते की तुमसे बोलूँ।

ड्राइविंग करना नहीं है खेल,
सावधानी से ही है जीवन का मेल।"

*डॉ. गणेश शंकर श्रीवास्तव*
dr.ganeshau@gmail.com





# प्रहलाद की पाठशाला: पृथ्वी गोल है!





**भक्त प्रहलाद और शक्तिशाली राजा हिरण्यकश्यप की पौराणिक कथा अहंकार और अटूट आस्था के बीच के द्वंद को दिखाती है। हिरण्यकश्यप ने कठिन तपस्या से अमर होने का वरदान पाकर स्वयं को भगवान घोषित कर दिया था, इसके विपरीत उनके पुत्र प्रहलाद, बचपन से ही भगवान विष्णु के भक्त थे। प्रहलाद की विष्णु भक्ति समाप्त करने हेतु अनेक असफल प्रयासों के बाद, हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका को प्रहलाद के वध के लिए बुलाया, जिन्हें वरदान था कि वह आग में नहीं जल सकती। लेकिन, जब होलिका प्रहलाद को अपनी गोद में लेकर आग में बैठीं, तो उनकी अपनी शक्तियाँ व्यर्थ हो गईं। वे स्वयं जल गईं, जबकि प्रहलाद अपनी भक्ति के प्रताप से पूरी तरह सुरक्षित बाहर आ गए। यह पौराणिक घटना सत्य की विजय का प्रतीक है, और हर साल 'होलिका दहन' के रूप में मनाई जाती है।**

**प्रस्तुत कहानी इस कथा को समकालीन काल में विज्ञान के चश्मे से देखने का प्रयास है। हास्य से भरपूर इस रचना में जहाँ राजा किसी का मत स्वीकार नहीं करना चाहते वहाँ भक्त प्रहलाद ज्ञान विज्ञान के माध्यम से तथ्यों को पेश कर रहे हैं और शिक्षा के महत्व को समझा रहे हैं।**

प्रहलाद ने स्कूल का काम समय पर पूरा कर लिया था। फिर वह कुछ देर बाहर खेलने चला गया। खेल से लौटने के बाद, प्रहलाद एक कोने में शांति से बैठ गया, आँखें बंद की और जप करने लगाः "नारायण... नारायण...''। शाम होने पर पिता हिरण्यकश्यप क्रोध से भरे और खुद से ही बड़बड़ाते हुए महल में आए। किसी बात को लेकर गुस्से में तो पहले से ही थे ऊपर से जैसे ही उन्होंने प्रहलाद के मुँह से "नारायण... नारायण..." सुना, उनका गुस्सा सातवें आसमान पर पहुँच गया। लाल आँखें लिए हुए वह गरजे, "बस करो! इसे अभी बंद करो! वरना..." प्रहलाद ने बहुत शांति से पूछा, "वरना क्या, पिताजी?"

"वरना मैं तुम्हें वही खतरनाक सजा दूँगा, जो अभी-अभी मैंने जंबूर राक्षस को दी है। समझे?" हिरण्यकश्यप ने डराते हुए कहा। प्रहलाद मुस्कुराया, "जी नहीं, बिल्कुल नहीं समझा।" "तो सजा मिलने के बाद समझ आएगा! अब समझे?" हिरण्यकश्यप ने गुस्से में कहा।

प्रहलाद ने सिर हिलाया और बोला, "पिताजी, सिर्फ खतरनाक-खतरनाक कहने से क्या समझ आएगा? पहले बताइए कि सजा क्या है? फिर हम तय करेंगे कि वह वाकई भयानक है या नहीं"। हिरण्यकश्यप ने सीना तानकर कहा, "मैंने अपने सैनिकों को हुक्म दिया है कि वे जंबूर को समुद्र के किनारे ले जाएँ और उसे इस पृथ्वी के बाहर फेंक दें! क्यों? है न खतरनाक सजा?" ''हा! हा! हा!'' हिरण्यकश्यप जोर जोर से हँसने लगे।

प्रहलाद खिलखिलाकर हँसा, "ओह! यह तो एकदम नामुमकिन सजा है पिताजी!"

"क्या कहा?" हिरण्यकश्यप दहाड़े, "मैं तुम्हें भी पृथ्वी के बाहर फिंकवा दूँगा!"

प्रहलाद ने शांति से पूछा, "लेकिन आप मुझे या जंबूर को पृथ्वी के बाहर कैसे फेंक सकते हैं?"



"मूर्ख प्रहलाद! जहाँ समुद्र खत्म होता है, वहाँ तुम्हें खड़ा करूँगा और पीछे से जोर का धक्का! और तुम... तुम इस दुनिया के बाहर गिर जाओगे... समझे? हा हा हा"!

प्रहलाद फिर मुस्कुराया। "पिताजी, किसी को भी पृथ्वी के बाहर नहीं फेंका जा सकता। इसके दो कारण हैं: पहला, पृथ्वी गोल है। और दूसरा, पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण (**Gravity**) है।"

हिरण्यकश्यप जोर-जोर से हँसने लगे, "हा! हा! हा! मुझे इन किताबी बातों पर जरा भी भरोसा नहीं। पृथ्वी सपाट है, एकदम चपटी!"

"पर आपको ऐसा क्यों लगता है?" प्रहलाद ने पूछा।



"अगर पृथ्वी गोल होती, तो जो लोग ऊपर रहते हैं, वे नीचे फिसल जाते! नीचे लोगों का ढेर लग जाता!'' ''और तो और हम चलते समय गिरते क्यों नहीं? फिसलते क्यों नहीं? बोलो बोलो? इसका मतलब है कि पृथ्वी चपटी है, तभी तो हम टिके हुए हैं!"

प्रहलाद बस मुस्कुराता रहा। अब हिरण्यकश्यप थोड़ा चिढ़ गए और बोले, "अच्छा, तो तुम साबित कैसे करोगे कि पृथ्वी गोल है?"

प्रहलाद बोला, "इसके लिए हमें समुद्र के किनारे चलना होगा।"

"क्यों? समुद्र की लहरें हमें क्या बताएँगी?" हिरण्यकश्यप ने मज़ाक उड़ाया।

समुद्र के पास पहुँचने पर प्रहलाद ने समझाया, "जब कोई जहाज़ किनारे से दूर जाता है, तो ध्यान से देखिए– पहले उसका निचला हिस्सा गायब होता है, फिर बीच का हिस्सा, और सबसे अंत में उसकी ऊँची मस्तूल (झंडा) दिखना बंद होता है।"

"और जब जहाज वापस आता है तब?" हिरण्यकश्यप ने उत्सुकता से पूछा।

"लौटते समय सबसे पहले ऊँचा मस्तूल दिखाई देता है, फिर बीच का भाग, और अंत में पूरा जहाज।" हिरण्यकश्यप ने सिर खुजलाया, "पर इससे पृथ्वी गोल कैसे साबित हुई?"

प्रहलाद ने कहा, "अगर पृथ्वी सपाट होती, तो जहाज दूर जाते समय धीरे-धीरे छोटा होता जाता और फिर एक साथ गायब हो जाता। लेकिन वह नीचे की ओर छिपता हुआ दिखता है। इससे पता चलता है कि पृथ्वी मुड़ी हुई (**Curved**) यानी गोल है।"

हिरण्यकश्यप अब थोड़े शांत हुए, पर फिर बोले, "लेकिन जिस जगह समुद्र नहीं है, वे लोग कैसे जानेंगे?"

"यह तो और भी आसान है!" प्रहलाद ने आसमान की ओर इशारा किया। "चंद्रग्रहण के समय, पृथ्वी की छाया चंद्रमा पर पड़ती है। वह छाया हमेशा गोल होती है। छाया गोल तभी हो सकती है जब पृथ्वी खुद गोल हो!" यह सुनकर हिरण्यकश्यप घबरा गए। उन्हें अपनी ताकत थोड़ी कम लगने लगी। वह डरते-डरते बोले, "म... मतलब अगर तुम सही हो... तो मैं किसी को भी पृथ्वी के बाहर नहीं फेंक सकता?"

प्रहलाद की आँखों में चमक थी और चेहरे पर हल्की-सी मुस्कान।

यह देखते ही हिरण्यकश्यप अपना माथा पकड़कर वहाँ से भाग गए। उन्हें समझ आ गया था कि ज्ञान के आगे अहंकार की हार निश्चित है।

*राजीव तांबे*
mulansobat@gmail.com

FROM AUTHORS

# सोनू और जादुई बीज



सोनू अपने गाँव में परिवार के साथ रहता था। वह समझदार था, लेकिन उसकी एक कमजोरी थी– वह बहुत जल्दी हार मान जाता था। कोई भी काम मुश्किल लगता, तो वह झट से कह देता, "यह मेरे बस की बात नहीं,'' और उसे अधूरा छोड़ देता।

एक दोपहर सोनू खेत में खेल रहा था, तभी मिट्टी में उसे कुछ चमकता हुआ दिखाई दिया। पास जाकर देखा, तो वहाँ एक नन्हा-सा सुनहरा बीज पड़ा था। सोनू उसे घर ले आया। उसकी माँ ने उसे देखते ही कहा, "बेटा, यह साधारण बीज तो नहीं लगता। इसे बगीचे में बो दो, शायद यह कोई अनमोल फल दे।''

सोनू ने घर के आँगन की क्यारी में एक जगह ढूँढी जहाँ अच्छी धूप आती थी। छोटा सा गड्ढा बनाया, बीज बोया और रोज उसे थोड़ा-थोड़ा पानी देने लगा। दो दिन बीते, फिर पाँच दिन... पर मिट्टी से कुछ बाहर नहीं आया। सोनू का धीरज जवाब देने लगा, उसने हारकर कहा "यह बीज बेकार है, माँ! मैं अब इसके लिए मेहनत नहीं करूंगा।''

वह बीज को गड्ढे से बाहर निकालने ही वाला था कि माँ ने उसे रोका और प्यार से समझाया, "बेटा, कुदरत अपना समय लेती है। हर अच्छे काम के लिए सब्र जरूरी है। थोड़ा धैर्य रखो। और प्रयास में कोई कमी न होने दो।" माँ की बात मानकर सोनू ने फिर से बीज की देखभाल शुरू कर दी।

एक हफ्ते बाद, मिट्टी से एक नन्ही-सी हरी कोंपल बाहर निकली। सोनू की खुशी का ठिकाना न रहा! वह पौधे के लिए धूप, पानी और खाद का ध्यान रखने लगा। धीरे-धीरे उस कोंपल में हरा तना बना, पत्तियां आने लगीं और सोनू के घर की क्यारी में एक प्यारा-सा पौधा हवा के साथ झूमने लगा।

कुछ साल बीतने पर वह पौधा बड़ा-सा पेड़ बन गया। एक दिन सुबह सोनू ने देखा उसमें सुनहरे फल लगे हैं! सोनू ने दौड़कर एक फल तोड़ा और माँ को दिखाया। माँ मुस्कुराईं और बोलीं, "देखा बेटा! अगर तुम शुरु में ही हार मान लेते, तो ये जादुई फल कभी नहीं मिलते। यह तुम्हारी मेहनत और सब्र का इनाम है।''

उस दिन से सोनू ने एक बात सीख ली, कि सफलता रातों-रात नहीं मिलती। उसके बाद सोनू कभी किसी मुश्किल काम से पीछे नहीं हटा। सब उसे गर्व से 'धैर्यवान सोनू' कहकर बुलाने लगे।



तान्या पंवार
tanyapanwar10@gmail.com

# रंग-बिरंगी होली आई

रंग-बिरंगी होली आई, मस्ती वाली होली आई,
देखो बच्चों की ये टोली आई, खुशियाँ भर-भर झोली लाई।
रंग-रंगीली होली आई, मस्ती वाली होली आई।

लाल-गुलाबी गाल हुए हैं, नीले-पीले बाल हुए हैं,
पिचकारी की धार चली है, सबके चेहरे लाल हुए हैं।
भागा-दौड़ी, उधम मचाएँ, सब पर जमकर रंग उड़ाएँ,
शोर मचा दे रहे बधाई, मिलकर सबने धूम मचाई।
रंग-बिरंगी होली आई, मस्ती वाली होली आई।



गुब्बारों की मार मची है, रंगों की बौछार सजी है,
हँसते-गाते बच्चों के संग, खुशियों की झंकार बजी है।
ढोल बजे, खनके मंजीरे, नाचें सब खुश धीरे-धीरे,
मौसम ने ली है अँगड़ाई, गूँज उठी अब तो शहनाई।
रंग-बिरंगी होली आई, मस्ती वाली होली आई।

घर-घर में पकवान सजे हैं, मन में अनुपम हर्ष भरे हैं,
राग-द्वेष सब दूर भगाएँ, प्रेम से गले सभी लगाएँ।
नाचें-कूदें, धूम मचाएँ, झूम-झूम सब फगुआ गाएँ,
कोकिल ने नव तान सुनाई, गूँज उठी फिर अमराई।
रंग-बिरंगी होली आई, मस्ती वाली होली आई।

***कन्हैया साहू 'अमित'***
ps.lamti.101@gmail.com







# An Unlikely Friendship

**Co-existence is a peaceful "team effort" where different organisms live side-by-side and help each other survive. Even a buffalo and a tiny bird often form a partnership called mutualism, where everyone wins. In the following story of Bilku the Buffalo, we see this superpower in action. It is a beautiful reminder that we are truly stronger together.**



Bilku the Buffalo was very happy. After a long time, he finally found a lush, green field of grass. His friends were already there: Dinny the Rhino, Moti the Elephant, and Ricky the Zebra.

But Bilku could not eat in peace. Soon, many flies, bugs, and ticks began to bother him. He shook his head and moved his body, but the bugs did not move.

"Oh, what a nuisance!" he grumbled. The bugs buzzed around him and gave him tiny, itchy bites. "Go away!" he huffed, showing his big, sharp horns. Even a lion would be scared of those horns, but the tiny ticks did not care at all.

Bilku looked at his friends. Moti was flapping his big ears. Ricky was swishing his tail back and forth. So, Bilku started using his own long tail like a fan to shoo the bugs away.

He saw his friend Hippy the Hippo in a nearby pond. Bilku decided to join him. He loved to roll in the cool mud while the sun was shining. The mud helped protect his skin from the flies.

While he was resting, Bilku saw Ellie the Egret standing very close to Moti's giant feet.

“What is she doing?” Bilku whispered to Hippy. “She might get stepped on!”

Hippy smiled. “She is very clever!”

Ellie pecked at the ground and hopped away just in time.

“What is she searching for in the soil?” asked Bilku.

“Grasshoppers,” Hippy explained. “When big animals like Moti walk through the grass, they stir up the insects hiding there. Ellie waits for them to jump out so she can catch her food. Moti helps Ellie find food, and Ellie stays safe by being quick."

Then Bilku saw Millie, Ellie's sister, sitting right on Dinny's ear!

“Is she hurting him?” Bilku asked.

“No, she is a helper,” said Hippy. “Small bugs hide inside Dinny's ears where he cannot reach them. Millie eats those bugs. This stops Dinny's ears from itching. They help each other."

Suddenly, Bilku felt a sharp pain on his skin. It began to itch and sting. He hopped out of the water and started to run around.





“What is wrong?” asked Moti.

“Something is biting me!” wailed Bilku.

“Stay still and show us,” Dinny said. The animals gathered around.

“You have some leeches and ticks on you,” said Moti. “These pests drink blood and can make a buffalo feel very sick and tired."

“Oh no!” cried Bilku. “How do I get rid of them?”

“Don't worry,” said Hippy. “Ellie and Millie will help you."

The two birds flew over and sat on Bilku's back. They began to eat the tiny bugs and leeches. Soon, the itching stopped and Bilku felt much better.

“Thank you for helping me,” Bilku said to the birds.

“Thank you, too,” chirped Ellie. “These pests are a delicious meal for us!"

Bilku smiled. “We are great friends. We help each other survive."

**Sudha Vijay**
sudhavijaywriter@gmail.com

FROM AUTHORS




# A Colourful Celebration of Culture: Children's Corner at the Sambalpur Book Fair 2026





The Children's Corner at the **Sambalpur Book Fair (24 January to 1 February 2026)** functioned as a dynamic arena for artistic discovery and regional celebration. Thousands of students from different schools engaged in a range of activities that harmonised traditional craftsmanship with contemporary education. From captivating oral narratives in **"Aao Sunein Kahani"** and **"Rang**





**Birangi Kahani Ki Duniya"**—delivered in both **Hindi** and **Odia**—to practical masterclasses in **Pattachitra painting, Ikkat patterns,** and **Madhubani Art,** the pavilion provided a rich creative journey. Physical health and cognitive skills were prioritised through **Yoga for Children** and **Vedic Mathematics**, while the flame of curiosity was fanned by **Fun with Science** experiments and **Quiz Sessions**.

Parallel to these imaginative festivities, the programme acted as a portal to the future of literacy via the **Rashtriya e-Pustakalaya.** Through guided introductory sessions, students were welcomed into the digital reading landscape through **book cover and slogan design workshops.** The atmosphere was further enlivened with **Baal Nritya** performances where children practised and performed various folk dances of Odisha. By bridging the gap between local traditions and global learning, the Children's Corner proved to be a cornerstone of holistic development.

















# An Ocean of Creativity: Children's Corner Lights Up Goa Book Festival 2026



The first edition of the **Goa Book Festival** (4 to 8 February 2026) was organised by the National Book Trust, India, at D.B. Bandodkar Grounds, Panaji. It was a vibrant celebration of stories, creativity, and learning. The Children's Corner welcomed more than 2000 children each day, creating a lively space filled with imagination and joy.

The corner featured engaging activities, including **storytelling sessions, puppet shows, theatre workshops, cartooning, and poster-making.** Artists and storytellers captivated children with interactive and fun-filled sessions. Theatre activities encouraged participation, confidence, and teamwork among young learners. Sessions like **Design a Mascot and Young Authors' Launchpad** inspired creativity imagination and self-expression.

Creative zones were set up like **Colour Me, Kaavi Art, Doodle Art Zone, Mario Miranda Art Studio, and Rashtriya e-Pustakalaya,** which allowed children to explore art, design, and digital learning











while enjoying themselves.

A highlight of the festival was the visit of **Group Captain Shubhanshu Shukla AC, Astronaut & Fighter Pilot, IAF** who motivated students with stories of his time in space and inspired them with lessons on perseverance. Dignitaries like the **Hon'ble Chief Minister of Goa** and **Hon'ble Governor of Goa** also visited the Children's Corner and interacted with participants.

The festival concluded on a joyful note, leaving children inspired, curious, and filled with stories to cherish.














# A Deep Dive into Creativity: Children's Corner at Andaman Nicobar Book Fair 2026

Children's Corner at the Second Edition of the **Andaman Nicobar Book Fair 2026** (14 to 22 February), organized by National Book Trust, India, at ITF Ground, was a vibrant hub of creativity, learning, and joyful participation over nine days. Each day witnessed enthusiastic participation from over 500 children from various schools across the city.

A wide range of engaging activities kept young minds inspired, including **drawing and poster-making competitions, creative writing, origami, and illustration workshops.** Storytelling sessions—**rich with puppets, music, and lively performances—**created an immersive experience for children. Sessions such













as **doodle-with-music, bookmark making, slogan writing, and designing book covers and mascots** encouraged imagination, original ideas and self-expression. A special highlight was the focus on environmental awareness through **sea turtle-themed storytelling and illustration sessions**.

Workshops with **Rashtriya e-Pustakalaya** introduced children to digital reading, while the Activity Zone remained lively with continuous **Doodle Art**. Cultural performances, including **Folk Dances** from across India, added to the festive spirit.

Overall, the Children's Corner offered a rich and engaging experience, nurturing creativity, curiosity, and a love for stories among young participants.



# The Woodcutter and the Tiger

***The Woodcutter and the Tiger*** *is a captivating tale that walks the thin line between fear and kindness. Written by Pracheta Gupta and brought to life through the vibrant, colorful illustrations of Debabrata Ghosh, the story takes us deep into the heart of the jungle. It is a world where wonder meets suspense, proving that an unlikely bond can flourish between even the most different of souls.*

*Below is an excerpt that explores the moment compassion begins to bridge the gap...*





At night, beneath the open sky, the woodcutter sat on the porch of his little thatched hut. He had a simple meal of rice with his wife and children. Tomorrow, before the first light of dawn, he would travel deep into the forest to chop wood.

In the morning, a boat set off from the riverbank. The woodcutter and his two companions were on board. As the boat set off, he looked back and waved at his wife and children standing at the river bank.

There were tears in his wife's eyes.

The boat sailed through the Matla River, flowing through the heart of the Sundarbans. Villages lined both banks as the wind created huge waves.

Soon, the boat slipped into a narrow tributary – a *khari*, one of many branches of the great river and vanished into the deep forest.

These hidden streams lead into the jungle, where honey collectors and woodcutters like him go in search of livelihood.

The jungle grew thicker, and the trees leaned low over the *khari*.

The three woodcutters tied the boat to the shore and stepped into the forest.

They all began chopping trees.

But the woodcutter left his companions



After hearing this, the tiger's eyes gleamed. The tigress licked her lips.

But the cubs cried, "No! You cannot eat him!"

The parents looked at each other, puzzled.

The tiger growled, "If we do not eat humans, what are we to do? Have you seen what they do to us? They throw stones and fire when we accidently wander into their villages!"

and went deeper into the forest.

After finishing their work, the two companions loaded the boat with wood and waited for him.

The woodcutter failed to find the trail and wandered lost in the dense forest.

Worried and weary, the two companions imagined the worst; "He must have been captured by a tiger." Fear crept into their bones. They pushed the boat back into the river, leaving him behind.

While searching for the path, the woodcutter finally found his way and reached the riverbank. But his companions were not there. In the distance, the boat was drifting away.

Exhausted and starving, he collapsed. He fell unconscious.


Two tiger cubs peered at him from behind the bushes.

They scampered back to their parents. They told them that a man was lying near the river.

The tigress added, "They shoot darts that make us unconscious. Then they lock us in cages, in zoo."

But the cubs shook their heads fiercely. "Even if they hurt us, we will not hurt this man", one said. "We will take care of him and send him home", said the other. "Let them see how kind tigers can be. Let them know—we do not harm humans. They will also not kill us."

What could the tiger and tigress do?





*Publisher:* **National Book Trust, India**
ISBN: 978-936-719899-5 | ₹ 80/- | Pages 36

BOOK EXCERPT

# Know Your State
# GUJARAT

## Fill in the blanks:




1. Gujarat has the longest **C__as__ l__ne** in India.
2. India's first port city was established in Gujarat's **L__th__l**, a Harappan Site.
3. In Gujarat, the Indian Wild Ass Sanctuary is one of the few places where the endangered animal called the **K__u__** lives.
4. Gujarat is the only place in India where Asiatic **L__o__s** are found.
5. **S__r__t,** a city in Gujarat, is popular for diamond cutting and polishing.
6. **__mu__,** is an Indian dairy cooperative based in Anand, Gujarat, and is one of the largest milk producers in the world.
7. The **S__rd__r S__rov__r D__m**, near which the Statue of Unity is located, is the second largest concrete dam in the world in terms of the amount of concrete used.
8. Gujarat hosts an International **K__t__** Festival in Ahmedabad every year.
9. Ahmedabad in Gujarat is now home to the world's largest **Cr__c__e__** Stadium.
10. The **R__n__** of **K__t__h** is one of the largest salt desert in the world.

***Answers:*** 1. Coastline, 2. Lothal, 3. Khur, 4. Asiatic Lions, 5. Surat. 6. Amul, 7. Sardar Sarovar Dam, 8. Kite, 9. Cricket, 10. Rann of Kutch

***Activity:***
Trace, colour, and write the name of Gujarat's State bird.



***Answer:*** Greater Flamingo







*Dear readers, you can submit your Drawing/Poster on any one of the below themes:*

**THEMES**

**March 3: World Wildlife Day**

**April 22: Earth Day**

**April 23: World Book Day**

**Last date to submit: 30 May 2026**

**DECLARATION**

I hereby declare that the content submitted is entirely my original work and has not been generated, written, or assisted in any way by artificial Intelligence tools or software such as ChatGPT, Google Gemini, Microsoft Copilot, or any similar platforms.

If it is found at any stage (even after publication) that the content was created using any AI tool or software, the participant will be required to return the full prize amount, submit a written apology, and will be blacklisted from participation in any future activities or events. Additionally, the participant's school will be officially informed in writing about the same.

Student's Name: ______________________ Class: ________

School: ______________________

Address: ______________________

______________________

Email: ______________________

**Countersigned by:** ______________________

Parent/Teacher: ______________________

Name: ______________________

School (only for teachers): ______________________

Address: ______________________

______________________

Email: ______________________ Phone: ______________________

**DECLARATION**

**For Students**

I, ______________________

age__________ , declare that my entry, ________

______________________ is my original, unpublished work. If found otherwise, the entry will not be accepted by NBT-India.

______________________

(Participant's Signature)

**For Teachers/Parents**

Name: ______________________

Address: ______________________

Pin code: ______________________

Email: ______________________ Phone: ______________________

Name of School: ______________________

School Address: ______________________

______________________ Pin code: ______________________

____ / ____ / ________

Date

______________________

(Teacher's/Parent's Signature)

## बुलेटिन के लिए सदस्यता प्रपत्र /Subscription form for Bulletin

सदस्यता संख्या /Subscription No..................................
(केवल कार्यालय उपयोग हेतु /for offical use only)

# राष्ट्रीय बाल साहित्य केंद्र

*राष्ट्रीय पुस्तक न्यास* (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) की बाल शाखा

# National Centre for Children's Literature

*the children's wing of* National Book Trust, India (Ministry of Education, Government of India)

### रीडर्स क्लब बुलेटिन /Readers' Club Bulletin

वार्षिक सदस्यता शुल्क: ₹**50**/- (6 अंक) Annual Subscription: ₹**50**/-(**6** issues)

***कृपया निम्नलिखित पते पर मुझे रीडर्स क्लब बुलेटिन भेजें/Please send me Reader's Club Bulletin at the following address:***

नाम/Name : ......................................................................................................................................

पता/Address : ......................................................................................................................................

कस्बा/शहर/Town/City:......................................................................... जिला/District:.......................................................

राज्य/State: ......................................................................... पिन कोड/Pin Code .......................................................

ईमेल/Email: ......................................................................... मोबाईल/Mobile No. .......................................................

मैंने *राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत* के पक्ष में डिजिटल भुगतान के माध्यम से ₹..................................................... (राशि) ................................ वर्ष (वर्षों) की सदस्यता के लिए जमा किए हैं।

I have paid Rs. ........................... for ........................... year(s) by digital mode of payment in favour at National Book Trust, India.

दिनांक/Date: हस्ताक्षर/Signature

रीडर्स क्लब बुलेटिन की सदस्यता हेतु आरटीजीएस विवरण नीचे दिया गया है/Given below are the RTGS details for subscription of Readers' Club Bulletin:

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत National Book Trust, India


A/C No. : 3159101000021
IFSC : CNRB0003159
Bank : Canara Bank
Branch : Vasant Kunj, New Delhi

*कृपया लेन-देन का स्क्रीन शॉट* nbtindianccl93@gmail.com पर भेजें।

***Please share a screenshot of the transaction** on nbtindianccl93@gmail.com* | Phone: 9667988982


# टैनग्राम के खेल

क्या आप जानते हैं कि एक चौकोर से मिलने वाली केवल सात साधारण आकृतियों से आप सैकड़ों अलग-अलग चित्र बना सकते हैं? इस पहेली को 'टैनग्राम' कहा जाता है। चुनौती बस इतनी है कि टुकड़ों को बिना एक-दूसरे के ऊपर रखे, इन सभी सातों टुकड़ों का उपयोग करके एक नया आकार बनाना है।






तो उठाइए एक चौकोर कागज़, उस पर यहाँ दी गई रंग बिरंगी आकृतियाँ बनाइए और उन्हें सावधानी से काट लीजिए। यहाँ कुछ उदाहरण दिए गए हैं, जिन्हें देखकर आप शुरुआत कर सकते हैं। एक बार जब आप इन्हें सुलझा लें, तो अपनी कल्पना और रचनात्मकता के पंख फैलाएँ और इन सात टुकड़ों से नए-नए जादुई आकार तैयार करें!



R.N.I No. 64771/96

nbt.india
एकः सूते सकलम्

सत्यमेव जयते
शिक्षा मंत्रालय
भारत सरकार

National Centre for Children's Literature

# THE WORLD OF STORIES, NOW WITHIN YOUR REACH

# LIBRARY-CUM-DOCUMENTATION CENTRE

## National Centre for Children's Literature

(Children's wing of National Book Trust, India)

*Whether you are a child, a parent, a teacher, or a researcher- if you love Children's Literature, this is the place for you!*



**Enroll Now**

**LIFETIME Membership @₹ 100/- only**
(+ ₹ 500/- Refundable Security Deposit)

OPEN FOR ALL AGE GROUPS

*For more information*

*Visit us: 10:00 AM - 5:00 PM (Monday to Friday)*





nbt.india
एकः सूते सकलम्

**National Centre for Children's Literature**
*Children's wing of* **National Book Trust, India (Ministry of Education Govt. of India)**
5, Institutional Area, Phase - II, Vasant Kunj, New Delhi-110070
E-mail: nbtindianccl93@gmail.com, nccl@nbtindia.gov.in